BUSINESS STANDARD, Delhi, 7.4.2025
Page No. 4, Size:(20.12)cms X (44.99)cms.

# With crude off the table, US nudges India towards LNG

## Importers signal willingness, but warn of drawn-out talks

SUBHAYAN CHAKRABORTY
New Delhi, 6 April

With India making it clear that the US doesn't have enough spare capacity for crude oil, Washington, DC, now wants India to sign fixed-term liquefied natural gas (LNG) contracts with American producers, multiple sources in the know said.

"The US currently doesn't have enough crude volumes ready for offtake. The planned rise in production will take some time to arrive. We have communicated this. The discussion has thus been on establishing term contracts for LNG with (US) suppliers," a petroleum and natural gas ministry official said.


This dovetails with India's efforts to raise its overall LNG imports, given that its energy import basket is currently dominated by crude oil, he said, indicating the government welcomes talks between companies on both sides. However, such discussions have historically been drawn out over a long period with US companies, he stressed.

State-owned GAIL (India) had, in December 2011, signed a 20-year sale and purchase agreement with US-based Cheniere Energy Partners for the supply of 3.5 million tonnes of LNG annually, with deliveries commencing in 2017. Supplies began flowing in from 2018.

According to the International Energy Agency, the gap between contracted LNG supply and projected LNG requirements is set to widen markedly after 2028, leaving India more exposed to the volatility of the spot LNG market unless additional LNG contracts are secured in the coming years.

Meanwhile, in the April–December period of 2024–25, LNG imports stood at $11.6 billion, or 2.12 per cent of overall merchandise imports. By comparison, crude oil imports were nearly 10x higher at $109.3 billion, or 20 per cent of overall imports.

The US and Qatar — the two largest producers globally — currently supply India with LNG through multiple contracts. The third-largest producer, Australia, mostly supplies China. About half of India's local gas demand is met through imports. On the other hand, while gas meets only 6.7 per cent of India's energy needs, the Centre has been planning to raise this figure substantially to reduce dependence on petroleum.




US LNG shipments are expected to double by the end of this decade, driven by Trump administration policies, including the reversal of a temporary pause on pending decisions regarding LNG exports to non-free trade agreement nations. This pause had been imposed by the previous Joe Biden administration in January 2024.

Data from the US Energy Information Administration (EIA) show LNG shipments to India began rising rapidly from early 2020 as the pandemic hit. Monthly traded volumes rose to a high of 28,259 million cubic feet (mcf) in May 2021 before falling. Volumes stood at 13,698 mcf as of October 2023, after which the EIA discontinued publishing monthly data.

**Finding the price**

Finding the right price is also a challenge, an official with a public sector oil and gas major said.

"Globally, term contracts are available only periodically. But a large volume of gas is expected to reach the markets from this year onwards. It will be incumbent on the importing entity to factor in changes in prices over time to ensure the contract doesn't end up being more expensive than necessary," the official said.

India's demand for spot cargoes of LNG is expected to decline as importers shift towards medium- and long-term contracts over the next two years, as a result of multiple deals that come into effect from April onwards, S&P Global Commodity Insights said last month. But the higher reliance on term contracts could be poorly timed, as the market expects a flush of new supply that could drive spot prices lower, leaving Indian buyers exposed to more expensive contracted LNG, it pointed out in a note.

Historically, LNG prices were linked to oil prices via long-term contracts. But in the past 10–15 years, especially with the rise of spot LNG markets like the Japan/Korea Marker in Asia, prices have become more volatile. LNG prices are highly seasonal due to heating demand in Europe and summer demand in Japan and China.


FINANCIAL EXPRESS, Delhi, 7.4.2025
Page No. 02, Size:(24.90)cms X (13.07)cms.

# OMCs may register weaker refining margins in Q4FY25

ARUNIMA BHARADWAJ
New Delhi, April 6

## IN CRITICAL SITUATION

- For upstream companies, analysts foresee weak production volumes
- ONGC's Ebitda to rise **~11%** year-on-year, analysts say
- Oil India analysts expect Ebitda to increase **12.6%** year-on-year
- GAIL's Ebitda to decline **2%** on year, analysts say
- The brokerage expects Ebitda for Indraprastha Gas, Mahanagar Gas to recover **12-13%** quarter-on-quarter




**THE COUNTRY'S OIL** marketing companies are likely to report a muted fourth quarter for FY25, primarily due to weaker gross refining margins, analysts say.

"For the oil marketing companies, we expect crude costs to rise 4-5% in INR terms. With retail prices frozen for diesel, petrol, and LPG — which together account for 80-85% of sales — the overall margins will be impacted," said Kotak Institutional Equities in its quarterly preview.

With oil prices recovering towards the end of March, analysts do not anticipate significant inventory-related gains or losses for the quarter under review.

"We expect reported GRMs to be weak year-on-year and on a quarterly basis for oil marketing companies, except for Indian Oil, as gross marketing refining in Q3FY25 was too low. Reported numbers will likely look stronger for IOCL due to a weak base, and weakest for BPCL," the brokerage noted.

For upstream companies, analysts foresee weak production volumes, although crude price realisations are expected to improve due to a weaker Indian Rupee.

"We expect ONGC's Ebitda to rise ~11% year-on-year and by 2% sequentially on higher oil and gas realsations and a weaker Indian rupee. For Oil India, we expect Ebitda to increase 12.6% year-on-year but remain flat sequentially, driven by higher gas sales and a weaker Indian Rupee, partly offset by lower oil realisations. Volumes are likely to be weak for both," Kotak Institutional Equities said.

Regarding state-owned gas major GAIL, analysts expect weakness in core businesses, with a recovery in the marketing segment. While margins for City Gas Distribution companies are set to recover due to improved availability of Administered Price Mechanism (APM) gas in the fourth quarter, they will remain subdued, analysts noted.

"We expect GAIL's Ebitda to decline 2% on-year but rise 23% quarter-on-quarter due to a low base. We expect transmission, LPG/LHC, and petchem segments to be weak quarter-on-quarter, but marketing should recover (very weak in Q3 due to one-offs)," the firm stated.

The brokerage expects Ebitda for Indraprastha Gas and Mahanagar Gas to recover 12-13% quarter-on-quarter but decline 10% year-on-year for MGL and 22% for IGL.

"A partial reversal of the APM allocation cut in mid-January and higher APM availability in March (due to lower offtake by the fertiliser sector) would help," analysts said.

For Petronet LNG, analysts forecast a 10% sequential increase in adjusted Ebitda and a 19% year-on-year rise, driven by a low base effect from inventory valuation impact and a 5% annual tariff hike at the Dahej terminal.

INDIAN EXPRESS, Delhi, 7.4.2025
Page No. 10, Size:(7.81)cms X (12.83)cms.

# GAIL gets PPAC Greenfinch Data Excellence Award

*New Delhi:* GAIL has been conferred with 'PPAC Greenfinch Data Excellence Award 2025'. Asim Prasad, Chief General Manager (Corporate Strategy Planning Advocacy & Corporate Affairs), Amitabh Ranjan, GM (CSPA), Priyanka Gupta, Chief Manager (CSPA), and Koushik Basu, Sr. Manager (CSPA) received it on GAIL's behalf. **ENS**

HINDUSTAN, Delhi, 7.4.2025
Page No. 11, Size:(22.15)cms X (18.92)cms.



गेल (इंडिया) को 'पीपीएसी ग्रीनफिंच डेटा एक्सीलेंस अवार्ड 2025' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मुख्य महाप्रबंधक असीम प्रसाद, महाप्रबंधक अमिताभ रंजन, मुख्य प्रबंधक सुश्री प्रियंका गुप्ता और वरिष्ठ प्रबंधक कौशिक बसु ने गेल की ओर से प्राप्त किया। गेल प्रतिमाह पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ को लगभग 500 विभिन्न प्रकार के डेटा उपलब्ध कराता है, जिनके आधार पर रिपोर्ट तैयार की जाती हैं।

BUSINESS STANDARD HINDI, Delhi, 7.4.2025
Page No. 4, Size:(16.21)cms X (47.08)cms.

# एलएनजी आयात के लिए भारत को तैयार करने में जुटा अमेरिका

शुभायन चक्रवर्ती
नई दिल्ली, 6 अप्रैल

**भारत** ने यह स्पष्ट किया है कि अमेरिका के पास कच्चे तेल के लिए पर्याप्त अतिरिक्त क्षमता नहीं है। ऐसे में कई सूत्रों ने यह जानकारी दी है कि अब अमेरिका चाहता है कि भारत अमेरिकी कच्चे तेल उत्पादकों के साथ लंबी अवधि के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के अनुबंध पर हस्ताक्षर करे।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'अमेरिका के पास फिलहाल तुरंत खरीद के लिए पर्याप्त कच्चा तेल उपलब्ध नहीं है। योजना के हिसाब से इसके उत्पादन में बढ़ोतरी करने में कुछ समय लगेगा। हमने यह बात बता दी है। इसलिए अब अमेरिकी आपूर्तिकर्ताओं के साथ एलएनजी का दीर्घकालिक अनुबंध करने को लेकर बातचीत हो रही है।'

उन्होंने कहा कि यह भारत के समग्र एलएनजी आयात को बढ़ाने के प्रयासों के अनुरूप है क्योंकि इसके ऊर्जा आयात में फिलहाल कच्चे तेल का दबदबा है। उन्होंने संकेत दिया कि सरकार दोनों देशों की कंपनियों के बीच बातचीत का स्वागत करती है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर देकर कहा कि अमेरिकी कंपनियों के साथ इस तरह की चर्चाएं ऐतिहासिक रूप से लंबे समय तक खिंचती रही हैं।

सरकारी कंपनी गेल (इंडिया) ने दिसंबर 2011 में अमेरिका की कंपनी चेनियर एनर्जी पार्टनर्स के साथ सालाना 35 लाख टन एलएनजी की आपूर्ति के लिए 20 साल की बिक्री और खरीद समझौता किया था जिसकी डिलिवरी 2017 में शुरू हुई थी। इसकी आपूर्ति 2018 में शुरू हुई।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार अनुबंधित एलएनजी आपूर्ति और अनुमानित एलएनजी आवश्यकताओं के बीच का अंतर 2028 के बाद काफी बढ़ जाएगा, जिससे भारत के लिए हाजिर एलएनजी बाजार की अस्थिरता को लेकर जोखिम की स्थिति बनेगी, जब तक कि आने वाले वर्षों में अतिरिक्त एलएनजी अनुबंध सुरक्षित नहीं किए जाते।

बहरहाल वर्ष 2024-25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान एलएनजी आयात 11.6 अरब डॉलर था जो कुल वाणिज्यिक वस्तुओं के आयात का 2.12 फीसदी है। इसकी तुलना में, कच्चे तेल का आयात लगभग 10 गुना अधिक 109.3 अरब डॉलर का था जो कुल आयात का 20 फीसदी है।

अमेरिका और कतर वैश्विक स्तर पर दो सबसे बड़े उत्पादक हैं और फिलहाल कई अनुबंधों के माध्यम से भारत को एलएनजी की आपूर्ति करते हैं। तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक, ऑस्ट्रेलिया है जो ज्यादातर चीन को आपूर्ति करता है। भारत की लगभग आधी स्थानीय गैस मांग आयात के जरिये से पूरी होती है। वहीं दूसरी ओर, गैस भारत की ऊर्जा जरूरतों का केवल 6.7 फीसदी पूरा करती है। केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम पर निर्भरता कम करने के लिए इस आंकड़े को काफी हद तक बढ़ाने की योजना बनाई है।




- पेट्रोलियम मंत्रालय ने इसके लिए दिलचस्पी जरूर दिखाई है लेकिन लंबी बातचीत को लेकर बरत रहा है सतर्कता
- वर्ष 2024-25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान एलएनजी आयात 11.6 अरब डॉलर था
- कच्चे तेल का आयात लगभग 10 गुना अधिक 109.3 अरब डॉलर था जो कुल आयात का 20 फीसदी है

ट्रंप प्रशासन की नीतियों के कारण इस दशक के अंत तक अमेरिका का एलएनजी शिपमेंट दोगुना होने की उम्मीद है जिसमें गैर-मुक्त व्यापार समझौता देशों को एलएनजी निर्यात के संबंध में लंबित निर्णयों पर अस्थायी रोक को पलटना भी शामिल है। यह रोक पिछली जो बाइडन की सरकार ने जनवरी 2024 में लगाई थी।

अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2020 की शुरुआत में एलएनजी भारत में तेजी से भेजी जाने लगी, जब कोविड महामारी ने दस्तक दी थी। मासिक व्यापार मई 2021 में 2,825.9 करोड़ क्यूबिक फीट के उच्च स्तर पर पहुंच गया लेकिन इसके बाद इसमें गिरावट आई। वहीं अक्टूबर 2023 में व्यापार1369.8 करोड़ क्यूबिक फीट के स्तर पर था जिसके बाद ईआईए ने मासिक डेटा देना बंद कर दिया।

तेल एवं गैस क्षेत्र की एक सरकारी कंपनी के अधिकारी ने बताया कि इस क्षेत्र में सही कीमत का अंदाजा लगाना भी एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, 'वैश्विक स्तर पर दीर्घकालिक अनुबंध केवल विशेष समय पर ही उपलब्ध होते हैं। लेकिन इस वर्ष से बाजारों में बड़ी मात्रा में गैस पहुंचने की उम्मीद है। आयात करने वाली संस्था पर यह निर्भर होगा कि वह समय के साथ कीमतों में बदलाव को ध्यान में रखे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अनुबंध बेवजह काफी महंगा न लगे।'

AMAR UJALA, Delhi, 7.4.2025
Page No. 7, Size:(4.86)cms X (2.94)cms.

# गेल ने स्टार्ट-अप में इक्विटी निवेश के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करने का नया दौर शुरू किया

**नई दिल्ली।** अभिनव स्टार्टअप को समर्थन देने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए गेल (इंडिया) लिमिटेड ने अपनी पहल गेल पंख के दसवें दौर की शुरुआत की है। जिसके माध्यम से इच्छुक स्टार्ट-अप महारत्न पीएसयू से इक्विटी निवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। 10वां दौर एक अप्रैल से 31 मई तक खुला रहेगा। मुख्य रूप से प्राकृतिक गैस, पेट्रोकेमिकल्स, ऊर्जा, परियोजना प्रबंधन, ई-कॉमर्स, फिनटेक, डेटा माइनिंग, पर्यावरण, स्वास्थ्य, सामाजिक, सुरक्षा जैसे फोकस क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्टअप फंडिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं। गेल के पास अपनी स्टार्ट-अप पहल के लिए 500 करोड़ रुपये का कोष है। संवाद